## महत्वपूर्ण एवं खास

### खेल विभाग में संविदा भर्ती हेतु स्पीड पोस्ट से 29 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर के द्वारा वार्डन, स्टोरकीपर, सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के कुल 16 पदों पर संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि 29.11.2024 को सांय 5 बजे तक आवेदन पत्र रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर में जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट स्पोर्ट्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन www.sportsyw.cg.gov.in से डाऊनलोड किया जा सकता है।

### प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप मेला 22 नवम्बर को

**रायगढ़।** भारत सरकार के निर्देशानुसार योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 22 नवम्बर 2024 को प्रात: 10 बजे से पुराना हॉस्टल शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में होने जा रहा है। जिसमें कुल 227 रिक्त विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उक्त पदों पर केवल आईटीआई उत्तीर्ण उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस संबंध में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए आईटीआई रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### ठंड को देखते हुए स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव

**सूरजपुर-रायपुर (आरएनएस)।** दिवाली के बाद छत्तीसगढ़ में ठंड का एहसास होने लगा है। यहां पिछले कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात के साथ साथ अब दिन में भी लोग गर्म कपड़े पहन रहे हैं। कंपकंपा देने वाली ठंड की वजह से स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। सूरजपुर जिले की बात की जाए तो जिला शिक्षा विभाग ने पत्र जारी करते हुए बताया कि मौसम विभाग अनुसार सर्दी बढ़ने और शीतलहर को देखते हुए जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। वहीं दो पालियों में चलने वाले विद्यालयों के लिए प्रथम पाली समय सुबह आठ बजे से दोपहर 12.15 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 12.30 बजे से शाम पांच बजे तक कर दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### मैनपाट-सामरीपाट में पारा 7-8 डिग्री तक पहुंचा

**अंबिकापुर-रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में ठंड का कहर शुरू हो चुका है। कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात के साथ साथ अब दिन में भी ठंड का एहसास होने लगा है। सरगुजा संभाग में पिछले 10 सालों का रिकार्ड टूट गया। यहां तापमान में 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। यही वजह है कि लोग दिन में भी गर्म कपड़े पहनकर घरों से निकल रहे हैं। मैदानी इलाकों में तो तापमान और नीचे पहुंच गया है। सरगुजा जिले के मैनपाट व बलरामपुर के सामरी पाट का तापमान 7-8 डिग्री के आस-पास दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार नवम्बर के प्रारम्भिक 18 दिनों के न्यूनतम तापमान के आंकड़ों में 10 वर्ष के अंतराल में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंचा है। पिछली बार सन 2014 में 17 नवम्बर को 9.9 और 18 नवम्बर को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री दर्ज हुआ था।

### डबल मर्डर से इलाके में फैली दहशत

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के विधानसभा इलाके में डबल मर्डर की वारदात से सनसनी फैल गई है, जहां शराब भट्टी के बाहर 3 बदमाशों ने हरीश साहू और हेमलाल देवांगन नामक दो युवकों की पुरानी रंजिश के चलते चाकू से गोदकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# जब्त धन को मंडी एवं स्थानीय पंचायत के सुपुर्द करें- कलेक्टर

- मत्स्य पालन विभाग केसीसी बनाने में लाए प्रगति
- विभिन्न शिकायत पोर्टल एवं जनदर्शन के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ करें निराकरण
- उद्यानिकी पाम ऑयल क्षेत्राच्छादन में करें वृद्धि
- धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो हमाल

**रायगढ़**




धान खरीदी प्रारंभ होने के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों के निरीक्षण पश्चात जप्त धान को मंडी अधिनियम अंतर्गत निकटतम मंडी अथवा स्थानीय पंचायत के सुपुर्द करें, उक्त बातें आज कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने समय-सीमा की बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी को धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण करने के साथ ही खरीदी केंद्रों में स्टॉकिंग हेतु पर्याप्त हमाल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे अतिशीघ्र लगवाने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर गोयल ने विभागीय कार्यों की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने मत्स्य विभाग में चल रहे विभागीय योजनाओं के साथ केसीसी निर्माण प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग द्वारा दी गई संख्यात्मक जानकारी अपूर्ण है, उन्होंने संबंधित अधिकारी को बेहतर कार्य करने एवं प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने पीजी, सीएम पोर्टल जैसे विभिन्न शिकायत पोर्टल एवं जनदर्शन तथा जन समस्या निवारण शिविर के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए, सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित आवेदनों का समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने बीईओ के माध्यम से आवेदन जमा करने एवं एसडीएम से समन्वय कर कार्य करने के निर्देश देते हुए डीईओ को प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि विकासखंड स्तर पर स्थित यूथ सेंटर में आर्मी भर्ती की कोचिंग व्यवस्था की करें।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उद्यानिकी विभाग से पीपल के शेष पौधों की जानकारी लेते हुए पुसौर, रायगढ़ के सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि सभी पौधों का उठाव कर जनपदों के अमृत सरोवर में लगाया जाए। इसी प्रकार उन्होंने पाम आयल क्षेत्र विस्तार के संबंध में जानकारी ली। उद्यानिकी विभाग द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 37 हेक्टेयर में पाम आयल का विस्तार किया जा रहा है। जिस पर कलेक्टर से गोयल ने उद्यानिकी विभाग को क्षेत्र विस्तार में को बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल पीएचई विभाग को जल जीवन मिशन के सर्वे के कार्य में तेजी लाने की निर्देश दिए। साथ ही जिले में टंकी निर्माण के रुके कार्य पर नाराजगी जताते हुए कार्य विलंब पर ठेकेदारों पर कार्यवाही करने एवं कार्य में पूर्णता लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लैलूंगा के खम्हार पाकुट प्रोजेक्ट की प्रगति की भी जानकारी। कलेक्टर गोयल ने निगम आयुक्त से प्रधानमंत्री आवास की प्रगति एवं स्वच्छ भारत मिशन अर्बन 2.0 सर्वे के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महिला बाल विकास में भर्ती प्रक्रिया की संबंध में जानकारी लेने पर महिला बाल विकास द्वारा बताया गया कि वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया जारी है।

कलेक्टर गोयल सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग से छात्रावासों की निरीक्षण के संबंध में जानकारी लेते हुए उनके विस्तृत कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि विभागों के नए कार्यो को बजट में जोड़ा जाए। इस दौरान उन्होंने मिल्क रूट का निर्धारण करते हुए रूट में नेपियर लगवाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए। इसी प्रकार उन्होंने ऐसे मार्ग जहां विद्युत पोल व्यवस्थित नहीं है ऐसे पोल की शिफ्टिंग के संबंध में विद्युत विभाग से जानकारी लेते हुए एसडीएम को कार्य के फॉलोअप लेने के साथ ही कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के लिए बनाए कार्ययोजना के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को यथा शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**अग्निवीर भर्ती की तैयारियों की ली जानकारी**

कलेक्टर गोयल ने आगामी 4 दिसंबर से बोईरदादर स्टेडियम में होने वाले अग्निवीर भर्ती की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबध में जानकारी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दायित्वों को समय-सीमा में पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने ट्रैक, अभ्यर्थियों के रहने की व्यवस्था, वाटर, कैमरा पार्किंग, यातायात, रेट्रोफिटिंग, हेल्प डेस्क जैसे विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को समन्वय पूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

**नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने का कार्य करें पूर्ण**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नगर पालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के संबंध में नए मतदाताओं के नाम नाम जुड़वाने के संबंध में जानकारी लेते हुए आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगर पालिका स्तर पर नए मतदाताओं का नाम जोडऩे का कार्य प्राथमिकता से करें उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं होना चाहिए।

## अवैध धान पर बड़ी कार्यवाही, 2321 बोरी धान जब्त

- अवैध रूप से भंडारित धान के विरुद्ध संयुक्त जांच दल की कार्यवाही
- कलेक्टर गोयल के निर्देशन में अवैध धान रोकने लगातार चलेगी कार्यवाही

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 14 नवंबर से शुरू हो गई है, जो आगामी 31 जनवरी 2025 तक किया जाना है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में अवैध धान परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय रोकने हेतु संयुक्त दल गठित किया गया है। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खाद्य, सहकारिता, मंडी एवं विभिन्न जिला स्तर के अधिकारियों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन अवधि के दौरान कोचिया/बिचौलिया एवं उड़ीसा राज्य से अवैध धान परिवहन कर जिले में विक्रय करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। जिनके द्वारा लगातार छापेमारी, औचक निरीक्षण किया जा रहा है जिसमें आज दिनांक तक कोचिया/बिचौलियों के विरूद्ध कुल 14 प्रकरण में 2321 बोरा कुल वजन 928.40 क्विंटल धान जब्त करते हुए मंडी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त जिले में 13 स्थानों को चिन्हांकित कर अवैध धान परिवहन रोकने हेतु चेक पोस्ट स्थापित किये गये है, जिसमें विकास खण्ड रायगढ़ में भुईयापाली, बेहरापाली, बेलरिया, सकरबोगा, विकास खण्ड पुसौर में लारा, रेंगालपाली, एकताल, विकास खण्ड लैलूंगा में जमुना, तोलमा (बाजार के पास), हाड़ीपानी (बाजार के पास) लमडांड, विकास खण्ड तमनार में हमीरपुर, विकास खण्ड धरमजयगढ़ में हाटी, विकास खण्ड खरसिया में पलगड़ा (वन विभाग नाका) सम्मिलित है। उक्त सभी स्थानों पर राजस्व विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, मंडी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों की तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

## सेंट टेरेसा स्कूल में आयोजित हुआ मनमोहक कला प्रदर्शनी टेरेस्केप

- भविष्य के निर्माण में कठिन परिश्रम के साथ चुनौतियों को करें स्वीकार-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल
- विद्यार्थियों को मोबाइल के कम इस्तेमाल एवं भटकाव से दूर रहने की दी सलाह

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मुख्य आतिथ्य में सेंट टेरेसा स्कूल परिसर, रायगढ़ में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक कला प्रदर्शनी टेरेस्केप (भारतीय कला के परिदृश्य) का आयोजन किया गया। कलेक्टर गोयल ने दीप प्रज्ज्वलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

गोयल ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर द्वारा प्रदत्त मुलभूत सुविधाओं को आधार बनाकर भविष्य निर्माण को लक्षित करें। उन्होंने भविष्य के निर्माण में कठिन परिश्रम करने एवं चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को देश प्रेम की प्रबल भावना के साथ देश को भविष्य में ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए सच्चे मन से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करने एवं अन्य क्षेत्रों में भटकाव से दूर रह कर अपने पालकों एवं अपने भविष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कलेक्टर गोयल से रूबरू होकर भविष्य के निर्माण संबंधित सवाल पूछते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किए। इस अवसर पर कलेक्टर गोयल ने विद्यालय स्थित स्पोर्ट्स एरेना का उद्घाटन भी किया।

मौके पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर रिनी ने स्वागत उद्बोधन के साथ कलेक्टर को सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रेयर डांस एवं क्लासिकल डांस के साथ ही कलेक्टर के जीवन पर आधारित नाटक संघर्ष से सफलता की ओर ने सभी का मन मोह लिया। रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति एवं कला की सुन्दर प्रस्तुति दी।

कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने अद्वितीय कला का परिचय देते हुए भारत देश के सभी राज्यों की कलाकृति, स्मारक, शिल्प एवं सांस्कृतिक झलकियाँ प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंधक फादर जेक्रियास एवं सेंट टेरेसा कॉलेज की प्राचार्या सिस्टर ज्वाला, प्रबंधिका सिस्टर शेन्शी सहित अन्य सीटीसी की धर्म बहनें मौजूद थीं।

## जनदर्शन में कलेक्टर गोयल ने जनसामान्य की सुनी समस्या

- अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर गोयल ने संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम संतन देवी जांगड़े, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में ग्राम-बैसपाली के राम प्रसाद डनसेना सार्वजनिक गली में हुए अवैध कब्जा हटवाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास जो सार्वजनिक गली गयी है उसमें भुनेश्वर डनसेना द्वारा अवैध कब्जा करने की नियत से गली में दरवाजा लगा दिया है जिस कारण वहां से आते-जाते नहीं बन रहा है और लोगों को परेशानी हो रही है। इसी तरह रायगढ़ की पिंकी आचार्या अपने 8 वर्षीय दिव्यांग लड़के के लिए व्हील चेयर एवं दिव्यांग पेंशन की मांग हेतु आयी थी। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति महापल्ली के अध्यक्ष हेमसुंदर गुप्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली के पुराने भवन के जीर्णोद्धार की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अधिक दर्ज संख्या के कारण अध्यापन कक्षों की कमी हो रही है। उन्होंने पुराने भवन का स्वरूप बिना बदले जीर्णोद्धार कराये जाने हेतु निवेदन किया। ग्राम-सरवानी की आनंद कुंवर विधवा पेंशन दिलाए जाने के संबंध में आयी थी। उन्होंने बताया कि पति की मृत्यु उपरांत उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जनदर्शन में आने से पहले वे ग्राम पंचायत में आवेदन दे चुकी है पर कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष विधवा पेंशन दिलाये जाने का निवेदन किया। कलेक्टर गोयल ने प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित कार्यवाही करते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए ताकि जनसामान्य को किसी प्रकार की समस्या न हो।

**जनदर्शन में जनसामान्य को दी गई नि:शुल्क विधिक सलाह-** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ एवं जिला प्रधान न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार पैरालीगल वांलिटियर सुनील कुमार चौहान एवं तरूण बेहरा द्वारा आज जनदर्शन में आए लोगों को नि:शुल्क विधिक सलाह व सहायता दी गई। साथ ही उनके समस्याओं की जानकारी लेकर न्यायालय रजिस्टर में दर्ज किया।

## 'टोकन तुंहर हाथ' एप से किसान धान विक्रय के लिए अपनी सुविधानुसार कर सकेंगे स्वयं टोकन जारी

- किसानों की सुविधा के लिए राज्य शासन की पहल
- जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित, किसी भी प्रकार की समस्या पर दूरभाष नंबर 07762-319962 पर कर सकते है संपर्क

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जिले के 69 सेवा सहकारी समितियों के 105 धान उपार्जन केन्द्रों में धान उपार्जन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शासन द्वारा किसानों को धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त करने हेतु मोबाईल ऐप टोकन तुहर हाथ के माध्यम से प्रावधान किया गया है, जिसमें किसान अपनी सुविधानुसार स्वयं टोकन जारी कर सकता है। जिले में आज दिनांक तक जिले में कुल 05 किसानों से 31.08 मे.टन धान का उपार्जन किया गया। किसानों को धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई न हो इसके लिए जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों, जिला स्तर से नियुक्त नोडल अधिकारियों को सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस हेतु जिला स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष कलेक्टर (खाद्य शाखा) में स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नंबर 07762-319962 है।

## शादी के बहाने युवती से दुष्कर्म, फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस ने बस स्टैंड पर दबोचा, आरोपी गया जेल

**रायगढ़**



सिटी कोतवाली पुलिस ने सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर, जूटमिल स्थित नया बस स्टैंड से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी अनुराग विश्वकर्मा को (20 साल) गिरफ्तार कर लिया। 5 अक्टूबर 2024 को युवती ने थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती ने बताया कि वर्ष 2023 में टिमरलगा, सारंगढ़ के अनुराग से एक शादी समारोह में उसकी मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान अनुराग ने उसका मोबाइल नंबर लिया और संपर्क बढ़ाकर शादी का प्रस्ताव रखा। अनुराग के आश्वासन पर युवती रायगढ़ आकर नौकरी करने लगी।

इसी दौरान अनुराग ने शादी का झांसा देकर युवती से उसके किराया मकान पर शारीरिक संबंध बनाया। 20 नवंबर 2023 को अनुराग ने युवती को शादी की बात कहने पर नाराज हो गया, अनुराग हर बार कोई न कोई बहाना बनाकर शादी की बात टालता रहा। 28 अगस्त 2024 को जब युवती ने अनुराग पर शादी का दबाव बनाया, तो अनुराग नाराज होकर किराया मकान से चला गया और अपना मोबाइल बंद कर लिया और गायब हो गया। परेशान होकर 11 सितंबर को युवती ने अनुराग के घर पहुंचकर उसके परिवार वालों से बात की, लेकिन उन्होंने शादी से साफ इनकार करते हुए गाली-गलौच कर उसे घर से बाहर निकाल दिया।

थाना कोतवाली में युवती के आवेदन पर अप.क्र. 595/2024 धारा 64 (2) (m) बीएनएस पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की, पिछले एक माह से आरोपी फरार था, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंद पटेल एवं उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबीर लगा रखे थे। कल शाम मुखबिर से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस की टीम ने नया बस स्टैंड क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## टॉयलेट का सदुपयोग एवं प्रक्रिया की जानकारी देकर व्यवहार में लाए परिवर्तन- कलेक्टर

- जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की हुई बैठक

**रायगढ़**




कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट के सभा कक्षा में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने स्वच्छ भारत मिशन के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने बताया कि 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक 'हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान' का संचालन किया जाएगा। इस दौरान समिति के सदस्यों को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के डेश बोर्ड का अवलोकन करवाया जाएगा। साथ ही व्यक्तिगत शौचालय हेतु चिन्हांकित पात्र परिवारों को स्वीकृति पत्र जारी किया जाएगा।

इस दौरान 'हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान' हेतु शासन के विभिन्न विभागों से समन्वय कर कार्य योजना का निर्माण कर स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास के सहयोग से हाथ धुलाई एवं स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन, बिहान के स्व-सहायता समूहों एवं विभागीय अमलों के माध्यम से शौचालय विहीन परिवारों को चिन्हांकन एवं प्रसार-प्रसार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहयोग से सामुदायिक शौचालय में जल की उपलब्धता आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही भवन युक्त शालाओं, आंगनबाडिय़ों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शौचालय नहीं होने की स्थिति में उनके समीप सामुदायिक शौचालय की स्वीकृति हेतु रणनीति भी बनाई गई।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि सभी सामुदायिक शौचालयों में बिजली एवं पानी की अनिवार्य व्यवस्था हो। उन्होंने 'हमारा शौचालय-हमारा सम्मान अभियान' के प्रचार-प्रसार हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने की निर्देश दिए। जिसके लिए माय भारत के वॉलिंटियर का सहयोग लेने को कहा। कलेक्टर गोयल ने कहा कि जनसामान्य में टॉयलेट के उपयोग के प्रक्रिया की जागरूकता के लिए स्वास्थ्य विभाग के मितानिन, महिला बाल विकास से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रशिक्षित करें। उन्होंने स्कूलों एवं आदिवासी छात्रावासों को फोकस कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत टॉयलेट के उपयोग की प्रक्रिया की जानकारी देने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने कहा कि टॉयलेट का सदुपयोग एवं प्रक्रिया की जानकारी देकर व्यवहार में परिवर्तन लाना महत्वपूर्ण है, ताकि टॉयलेट का स्वच्छ सुव्यस्थित उपयोग हो एवं उपयोग पश्चात अन्य लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय, स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायगढ़ महेश पटेल, ईई पीएचई परीक्षित चौधरी, ईई आरईएस दिलीप मिंज, डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग एल.आर.कच्छप, डीडी समाज कल्याण शिवशंकर पाण्डेय, डीडीए अनिल वर्मा, एडी ट्रायबल आकांक्षा पटेल, एसडीओ पीडब्लूडी एम.एस. नायक सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480